आईआईएम : स्टूडेंट्स के लिए प्रशिक्षण प्रोग्राम

प्रोफेशनल कोर्स स्टूडेंट्स के लिए साबित होंगे उपयोगी

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

इंडियन इंस्टीच्युट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) रांची द्वारा रविवार को सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रोग्राम की शुरुआत की गई। इस मौके पर संस्थान द्वारा पीजीडीएम और पीजीडीएचआरएम छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। कोर्स की विशेषता और इससे जुड़े रोजगार के बारे में भी बताया गया। मुख्य वक्ता में आर्मी एयर डिफेंस कॉलेज के पूर्व मेजर जनरल पीके सहगल, सीएमपीडीआई के सीएमडी शेखर शरण और संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेंद्र सिंह ने शिक्षा व सामाजिक सरोकार के बारे में बताया। निदेशक शैलेंद्र सिंह ने व्यवसायिक व प्रोफेशनल कोर्स पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह छात्रों के लिए काफी लाभप्रद साबित होगा।

नए कोर्स से रोजगार के द्वार खुलेंगे : कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। वक्ताओं ने पीजीडीएचआरएम व पीजीडीएम को रोजगार के लिए बेहतर कोर्स बताया। छात्रों ने कोर्स से जुड़े कई सवाल किए, जिसका वक्ताओं ने जवाब दिया।

Dainik Bhaskar, 18.06.2018, Pg. 04